BRAMPTON Service and Information Update

19 अप्रैल, 2023

मोबाइल बिजनेस रिन्युल्स और लाइसेंसिंग अब ऑनलाइन उपलब्ध है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – मोबाइल बिजनेस ड्राइवर और ऑपरेटर, अब अपने लाइसेंस और वाहन प्लेटों के लिए ऑनलाइन, आवेदन और रिन्यु कर सकते हैं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हर वर्ष लगभग 1,500 ड्राइवर/ऑपरेटर लाइसेंस जारी करती है या इनके लिए लाइसेंस रिन्यु करती है और हर वर्ष लगभग 1,200 वाहनों के लिए वाहन प्लेटें जारी या रिन्यु करती है।

इस समय निम्नलिखित मोबाइल बिजनेसों हेतु, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के अंदर काम करने के लिए लाइसेंस और वाहन पलेट जरूरी है:

- लिमोजीन
- टो ट्रक
- ड्राइविंग स्कूल वाहन
- टैक्सी
- रिफ्रेशमेंट वाहन

लाइसेंसिंग एन्फोर्समेंट (Licensing Enforcement) टीम, लाइसेंस जारी करने से पहले यह सुनिश्चित करती है कि वाहन और ड्राइवर सिटी के मोबाइल लाइसेंसिंग बाइ-लॉ (Mobile Licensing By-Law) के अंतर्गत योग्यताएं पूरी करते हैं। इनमें शामिल हैं, मोटर वाहन सुरक्षा निरीक्षण, आपराधिक/एम.टी.ओ. (MTO) जांचें और बीमा।

मोबाइल ड्राइवर/ऑपरेटर लाइसेंस और वाहन प्लेटें, मोबाइल लाइसेंसिंग बाइ-लॉ 67-2014 (Mobile Licensing By-law 67-2014) के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जारी की जाती हैं।

लाइसेंसों और वाहन प्लेटों और रिन्युल्स के लिए निवेदन अब, केवल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे। जिन निवासियों की कंप्यूटर तक पहुंच नहीं है, उनके लिए क्योस्क, फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैम्पस (Flower City Community Campus) (8850 मैकलॉग्लिन रोड साउथ, यूनिट 2, ब्रैम्पटन ओनटैरियो L6Y 5T1) (8850 McLaughlin Road South, Unit 2, Brampton ON L6Y 5T1) पर उपलब्ध हैं।

लाइसेंस हेतु आवेदन या इसे रिन्यु करने के लिए, यहां जाएं: eForm (brampton.ca)

वाहन प्लेटों हेतु आवेदन या इन्हें रिन्यु करने के लिए, यहां जाएं: eForm (brampton.ca)

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca